<u>अग्रवाल कॉलेज में महाराज शिवाजी जयंती पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई</u>

दिनांक 19.02. 2025 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में सोशल साइंस फोरम द्वारा "छत्रपति शिवाजी महाराज: द ग्रेट वॉरियर" विषय पर विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को वीरता के प्रतीक शिवाजी महाराज की जीवन शिक्षा एवं पराक्रम के प्रति प्रोत्साहित करना था। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष (गवर्निंग बॉडी) श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज महासचिव (गर्वनिंग बॉडी) एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता की सदप्रेरणा से एवं अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में कॉलेज में समय-समय पर विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों को विकसित करने के लिए ऐतिहासिक महापुरुषों की जयंतियां मनाई जाती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वीरता से भरी कविता एवं गीत गायन की अनेक प्रस्तुतियां भी दी। सोशल साइंस फॉर्म की संयोजक डॉ सुप्रिया ढांडॉ एवं फोरम के अन्य सदस्यों डॉ पूजा सैनी, डॉ रेनू माहेश्वरी, डॉ रितु एवं डॉ इनायत चौधरी के कुशल नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफल एवं सार्थक सिद्ध हुआ।